हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 9 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

10 त्रिस्तरीय संकुल शारीरिक सांस्कृतिक ...



11 राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका ने छिंदगढ़ ...





## खबर संक्षेप

### पुलिस बल आरक्षक भर्ती प्रक्रिया फिर से शुरू

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2023–24 को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। बस्तर रेंज के अंतर्गत कोंडागांव, कांकेर और नारायणपुर जिलों के रिक्त पदों के लिए आयोजित भर्ती प्रक्रिया, जो न्यायालय के स्थगन आदेश के कारण रुकी हुई थी, अब पुनः प्रारंभ कर दी गई है। भर्ती प्रक्रिया 16 नवंबर 2024 से 5 जनवरी 2025 तक आयोजित होनी थी। पहले चरण में दस्तावेज़ों की जांच, नापजोख और शारीरिक दक्षता परीक्षा 26 नवंबर 2024 को पूरी हो चुकी थी। हालांकि, न्यायालय के आदेश पर 27 नवंबर 2024 को यह प्रक्रिया स्थगित कर दी गई थी। उच्च न्यायालय द्वारा 7 दिसंबर 2024 को स्थगन आदेश हटाए जाने के बाद, 8 दिसंबर 2024 से भर्ती प्रक्रिया पुनः शुरू करने का निर्देश दिया गया है। सभी उम्मीदवार अब निर्धारित समय पर अपने दस्तावेज़ और प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित होकर शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग ले सकेंगे। अधिकारियों के अनुसार, 27 नवंबर से 7 दिसंबर के बीच परीक्षा में शामिल न हो पाने वाले उम्मीदवारों को मुख्यालय द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए अलग से मौका दिया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे न्यू पुलिस लाइन, कोंडागांव में अपनी निर्धारित तिथि पर समय से पहुंचे।

### तुलसी मानस प्रतिष्ठान में लोकेश बने प्रदेश सलाहकार

**केशकाल।** तुलसी मानस प्रतिष्ठान में प्रदेश स्तर पर पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया है। बस्तर संभाग से लोकेश गायकवाड़ को प्रदेश सलाहकार बनाया गया है। प्रतिष्ठान के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख के निर्देशानुसार प्महासचिव राजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा जारी सूची में कुल 24 पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। जिसमें दीप्ति पांडे प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जगदलपुर ,छगन यादव कोषाध्यक्ष चारामा ,हृदय राम सोरी कांकेर, मुन्नालाल देवदास गरियाबंद, रोहित जंघेल छुई खदान खैरागढ़,तामेश्वर साहू राजनांदगांव, श्याम चंद्रा सक्ति ,दयानंद वर्मा दुर्ग को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जितेंद्र पटेल मोहला मानपुर को प्रदेश संयोजक,प्रदीप कुलदीप कांकेर को सचिव, रामकुमार साहू बालोद सहसंयोजक ,लोक राम साहू गरियाबंद सह सचिव का दायित्व दिया गया। सीताराम साहू श्याम बालोद और कांशीराम जैन कांकेर को प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है । वहीं चिंताराम सेन महासमुंद को समन्वयक,देव कुमार साहू कबीरधाम को सह समन्वयक बनाया गया है। प्रमोद जैन बालोद को प्रदेश मीडिया प्रभारी तथा लोकेश साहू कांकेर को सह मीडिया प्रभारी बनाया गया है। कुंज लाल साहू मोहला मानपुर, त्रेता चंद्राकार दुर्ग, नंदकुमार साहू महासमुंद, नारायण प्रसाद वर्मा रायपुर ,पुष्पा मिश्रा बालोद, लोकेश गायकवाड केशकाल को प्रदेश सलाहकार बनाया गया है।

# चित्रकोट वाटरफॉल में करोड़ों की सोलर लाइट धूल खा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

सरकार की योजनाओं के कार्यो का क्रियान्वयन कितनी ईमानदारी से किया जाता है, इसका एक नजारा विश्व प्रसिद्ध जलप्रपात यानि भारत का नियाग्रा चित्रकोट में देखा जा सकता है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर सोलर और लेजर लाइट लगाया गया है, जो 2 साल से लोकार्पण का बाट जोह रहा है। कांग्रेस शासन काल में 2022 में 4 करोड़ की लागत से क्रेडा विभाग ने चित्रकोट जलप्रपात क्षेत्र में लगाया था, बावजूद आज पर्यन्त लाइट को रोशन नहीं किया गया है। पर्यटक दूर दराज से बड़ी संख्या में पहुंचते है। रात में भी चित्रकोट जलप्रपात के मनमोहक नजारे को देख सके इसे ध्यान में रख बड़े-बड़े स्ट्रीट पोल के सहारे सोलर लाइट लगवाया गया था।

### टेस्टिंग के लिए चालू हुई थी

सोलर लाइट को कुछ समय के लिए टेस्टिंग के तौर पर चालू किया गया था। उद्घाटन के इंतज़ार में 2 साल बीत गए। लेकिन अब भी इसे चालू नहीं किया गया है। अब करोड़ों की लागत से लगी सोलर लाइट खराब होने की स्थिति में है।

## पर्यटक रात में मनमोहक नजारे का नहीं ले पा रहे आनंद

### पीसीसी अध्यक्ष का गृह क्षेत्र है

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते कहा कि कांग्रेस सरकार ने इसे लगवाया था और अब तक क्यों चालू नहीं किया गया, यह जांच का विषय है। साथ ही कहा कि हमने लगाया है और हम ही 4 साल के बाद चालू करेंगे। भाजपा सरकार के मंत्री और विधायकों को ये दिखाई नही देता है,वे पिकनिक मनाने आते हैं और चले जाते है।



### लापरवाही पर विधायक नाराज

चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने नाराजगी जाहिर करते कहा कि विभाग के अफसरों की लापरवाही के चलते ही चित्रकोट जलप्रपात में रात में आने वाले पर्यटक मायूस होकर जा रहे हैं। करोड़ों की लागत से लगाए गए सोलर लाइट कबाड़ का रूप ले रही है। साथ ही कहा कि शिकायत शासन स्तर पर करेंगे और जल्द ही पत्र लिखकर सोलर लाइट को शुरू किया जाएगा।

**सौगात :** उप मुख्यमंत्री ने बड़ाजी में शहीद गेंद सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण

# करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन लोकार्पण, पीएम आवास की सौंपी चाबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर


उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बड़ाजी ग्राम के चौक में शहीद गेंद सिंह की प्रतिमा का अनावरण रविवार को किया। इसके साथ ही 8 करोड़ तीन लाख के 9 विकास कार्यों का भूमि पूजन-लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को सौगात दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्बा समाज के शहीद गेंद सिंह ने अंग्रेजों से लोहा लिया और क्षेत्र में अंग्रेजी शासन की नीतियों का विरोध किया। आज के युवा शहीद गेंद सिंह का स्मरण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लें, समाज के उत्थान में अपना योगदान दें।

- 8 करोड़ तीन लाख के 9 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन-लोकार्पण

कार्यक्रम को सांसद महेश कश्यप, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप क्षेत्र के जन प्रतिनिधि एवं हल्बा समाज के पदाधिकारी, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बस्तर रियासत के अंतर्गत परलकोट के जमींदार गेंद सिंह ने मराठों और ब्रिटिश अधिकारियों के शोषण के विरुद्ध भुजरिया अबूझमाड़िया आदिवासियों को लेकर बस्तर की स्वतंत्रता का शंखनाद 1824-1825 में किया था। क्रांतिकारी धंवड़ा वृक्ष की टहनियों को संकेत के रूप में एक स्थान से दूसरे स्थान भेजते थे पूरा माड़ अंचल क्रांति की गिरफ्त में था। विद्रोह का संचालन अलग-अलग टुकड़ियों में मांझी लोग करते थे और रात में गुटों में एकत्र होकर अगले दिन की योजना बनाते थे। उनका उद्देश्य बस्तर को गुलामी से मुक्त कराना था।

### खास बातें

- हल्बा समाज के गेंदसिंह ने अंग्रेजों से किया था मुकाबला : शर्मा
- प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश और आवास की प्रतीकात्मक चाबी सौंपा



### गेंद सिंह बस्तर ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद

छत्तीसगढ़ के ब्रिटिश प्रशासक एग्नेयू के निर्देश या चांदा के पुलिस अधीक्षक कैप्टन पिव ने मराठा और अंग्रेज सेना की सहायता से 12 जनवरी 1825 को गेंद सिंह और उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया। क्रांतिकारियों का कठोर दमन किया गया और 20 जनवरी 1825 को गेंद सिंह को उनके महल के सामने ही फांसी दे दी गई। अंग्रेजों के विरूद्ध स्वतंत्रता का शंखनाद करने वाले शहीद गेंद सिंह बस्तर ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के पहले शहीद है। शहीद गेंद सिंह हल्बा समाज से संबंधित थे, बस्तर जिला के बड़ाजी ग्राम में हल्बा समाज की बाहुल्यता है। इसलिए शहीद गेंद सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया गया।

### हितग्राहियों को सौंपी चाबी

उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के 6 हितग्राहियों को आवास पूर्ण होने पर घर की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए स्वीकृत आदेश पत्र का हितग्राहियों को वितरण किया गया। हल्बा समाज के प्रतिनिधियों ने स्मृति चिह्न भेंट किया।

# नगरनार क्षेत्र के विकास के लिए समिति करे काम : कश्यप



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जय झाड़ेश्वर परिवहन सहकारी समिति नगरनार में रैनू बघेल के अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार कोर कमेटी के सदस्यों व पदाधिकारियों ने सांसद महेश कश्यप से उनके गृहग्राम कचला में मुलाकात की। सांसद ने अध्यक्ष व पदाधिकारियों से हुई आत्मीय मुलाकात में कहा कि समिति नगरनार क्षेत्र के विकास व क्षेत्र की भलाई के लिए सर्वसम्मति से कार्य करें ताकि इसका लाभ क्षेत्र के लोगों को मिल सके। जानकारी के मुताबिक नगरनार के पूर्व सरपंच व जय झाड़ेश्वर परिवहन सहकारी समिति नगरनार के अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद रैनू बघेल पदाधिकारी व कोर कमेटी के सदस्यों के साथ पहली बार सांसद महेश कश्यप से मुलाकात करने के लिए गृहग्राम कलचा पहुंचे थे। इस दौरान सांसद कश्यप ने अध्यक्ष से कहा कि समिति के सदस्यों व पदाधिकारियों को लेकर चलें तथा किसी भी गरीब परिवार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। समिति जो भी कार्य करें सर्वसम्मति से करें ताकि इसका लाभ क्षेत्र के लोगों को मिल सके।

- जय झाड़ेश्वर परिवहन सहकारी समिति की कोर कमेटी ने सांसद से की मुलाकात

### ये रहे मौजूद

इस दौरान अध्यक्ष रैनू बघेल के अलावा सचिव लोकेश राव, नगरनार सरपंच व कोर कमेटी सदस्य लैखन बघेल, बनमाली नाग, सियाराम नाग, जलधंर नाग व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# उद्यान से सटे गांव में स्कूली बच्चों को पढ़ा रहे वन कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत स्थित कोटमसर ग्राम में अब बच्चों के लिए शिक्षा का एक नया अवसर शुरू हुआ है। ग्राम के वन कर्मचारियों द्वारा स्कूल के बाद बच्चों को ट्यूशन दी जा रही है, जिससे उनकी पढ़ाई बेहतर हो सके। प्राथमिक ग्रामीण बच्चों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां तक पहुंचने में घाटियों और कच्चे रोड का सामना करना पड़ता है और दो तीन दिन लगातार बारिश होने से इस इनके पढ़ाई प्रभावित होती है। इससे शिक्षा के लिए पर्याप्त संसाधन भी उपलब्ध नहीं होते हैं। ऐसे में कोटमसर गांव में पदस्थ वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा निदेशक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के ⏭ शेष पेज 10 पर

- कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान बच्चों के लिए नया अवसर



### शिक्षा से बच्चे वंचित न हो

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य शिक्षा का अधिकार से कोई भी वंचित न रहे। उन्होंने अपने निरीक्षण के दौरान पढ़ रहे बच्चों से मिले और उन्होंने ने देखा कि बच्चों में इससे पढ़ने का उत्साह जग रहा है। इस दौरान निदेशक द्वारा बच्चों से कई सवाल भी किया गया, जिसमें बच्चों ने बाद चढ़कर जवाब भी दिया।

## गिरती जलधारा से अभिभूत हुए गृहमंत्री



जगदलपुर। उप मुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री विजय शर्मा रविवार को प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चित्रकोट जलप्रपात का नजारा देखा। काफी देर तक वे रेलिंग के पत्थर पर बैठकर गिरती जलधारा को निहारते रहे। उनके चेहरे की रौनक बता रही थी कि वे इंद्रावती की जलधारा को देख काफी अभिभूत हुए।

# 11 केवी हाईटेंशन तार की चपेट में आया मजदूर झुलसा, गंभीर अवस्था में मेकाज रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/बस्तर

बस्तर थाना क्षेत्र के बस स्टेण्ड के करीब नवनिर्मित भवन में काम कर रहा मजदूर 11 केवी हाईटेंशन तार की चपेट में आने से काम कर रहा एक श्रमिक झुलस गया। वहीं साथी श्रमिक बाल बाल बच गए। मकान मालिक की लापरवाही का खामियाजा श्रमिक को भुगतना पड़ा। झुलसे श्रमिक को बस्तर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत बस्तर के बस स्टेण्ड स्थित नव निर्मित भवन में प्लास्टर कार्य के दौरान 11 केवी हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक बुरी तरह से झुलस गया था। उसे गंभीर अवस्था में प्राथमिक ⏭ शेष पेज 10 पर

- निर्माणाधीन मकान में कर रहा था काम, बाल बाल बचे साथी श्रमिक



### बिना परमिशन के काम पर होगी कार्रवाई

बस स्टैण्ड स्थित मुख्य चौराहे में निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे मजदूर की विद्युत करंट में आने की जानकारी मिली है। उक्त मकान निर्माण को लेकर मकान मालिक द्वारा परमिशन लिया गया था या नहीं इसकी जानकारी लेकर बता पाउंगा। परमिशन के बगैर काम चल रहा था निश्चित ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-**तरूणपाल लहरे**, सीएमओ, नगर पंचायत बस्तर

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

# नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करें कार्यकर्ता : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

उप मुख्यमंत्री व बस्तर जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात की और सीधा संवाद करते हुये कार्यकर्ताओं से आसन्न नगरीय निकाय चुनाव व पंचायत चुनाव में जीत सुनिश्चित करने आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के कुशासन को भाजपा कार्यकर्ताओं ने उखाड़ फेंका और आज छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का सुशासन है। अगले चुनाव में भी कार्यकर्ताओं को विजय का क्रम बरकरार रखना है।

- भाजपा जिला कार्यालय में ली कार्यकर्ताओं की बैठक, सीधा किया संवाद



उप मुख्यमंत्री करीब एक घंटे भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि आगामी दोनों चुनाव महत्वपूर्ण है, जिसमें पूर्ण रूप से शक्ति लगानी है। आगामी 15 दिसम्बर को होने वाले बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे। बस्तर की खेल प्रतिभाओं व युवा कौशल से देश और दुनियां परिचित हो, यही बस्तर ओलंपिक का उद्देश्य है। जिसमें भाजपा के कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता निभायें। बस्तर की बेहतरी व नई पहचान दिलाने में ⏭ शेष पेज 10 पर

## एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

Our Experience • Your Trust

हृदय-रोग सम्बंधित परामर्श लें

13 दिसंबर 2024 (शुक्रवार) को जगदलपुर में



छ.ग. के हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. भरत अग्रवाल
MBBS, DNB (Medicine)
DNB (Cardiology)

स्थान:- एम.पी.एम हॉस्पिटल, जगदलपुर (छ.ग.)

दिनांक 13.12.2024 (शुक्रवार) समय : दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक

एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी की सुविधा

समस्त हृदय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध
ESIC, CSEB, RAILWAY से मान्यता प्राप्त

पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें:- 9993309922/8120991117/8109229030

Infront of BSNL office, Vidhan Sabha Road, Near Ashok Ratan, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)

9238175001 / 9238175002
www.smchospital.in

#Rajesh

**खबर संक्षेप**

## बाहरी मटर से लोकल मटर का दाम रहा तेज



**जगदलपुर।** रविवार की दोपहर बारिश होने से ग्रामीण क्षेत्र के खरीददार बाजार में नहीं रहे और बारिश के बंद होने से शहरीय खरीददार सब्जी लेने पहुंचे थे। मौसमी सब्जियों की आवक अधिक होने से सब्जियों की दरें कम हुई, खरीददार कम दिखे। ठंड के मौसम में आने वाला लोकल मटर बाजार में 120 रूपए पर रायपुर का मटर 90 रूपए, टमाटर 20, भट्टा 30, बरबटी 30, भटटा 40, करेला 60, आलू 40, प्याज 60-70, अदरक 200, लहसून 450, फूलगोभी 30, पत्तागोभी 30, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 20 रुपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी एवं मैथी भाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है।

## महतारी वंदन योजना से समक्का को मिली आर्थिक संबल



**बीजापुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सकारात्मक सोच एवं पहल से मातृशक्ति आर्थिक रूप से सशक्त और मजबूत हुई। महिलाएं महतारी वंदन योजना से लाभान्वित होकर आर्थिक गतिविधियों से जुड़ रही है, घर परिवार को छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हो रही है। वहीं व्यवसायी महिलाएं अपने व्यापार-व्यवसाय को भी बड़ी आसानी से बढ़ाने में कामयाब हो रही है। निम्न एवं मध्यम आय वाले परिवार से जुड़े महिलाओं को महतारी वंदन योजना आर्थिक संबल दे रही है। यह योजना उनके लिए संजीवनी की तरह साबित हो रही है। महतारी वंदन योजना के दसवें किश्त प्राप्त कर चुकी राउतपारा बीजापुर की व्यवसायी महिला समक्का एरोला ने बताया कि उनके तीन बच्चे हैं। उनके बड़े बेटे बीए फाईनल की पढ़ाई कर चुके हैं।

## कृषक योजना से जगदेव उन्नति की ओर अग्रसर



बीजापुर। मुख्यमंत्री ने 31 सौ रूपए में धान खरीदकर खेती-किसानी को बढ़ाया है और किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौटी है। कृषक उन्नति योजना के तहत मिलने वाली अंतर की आदान राशि ने खेती किसानी में चार चांद लगा दिया। किसान अब पूरे आत्मविश्वास और सरकार के फैसले से स्वयं को पहले से अधिक सक्षम महसूस कर रहे हैं। बीजापुर जिले के ग्राम जैतालूर निवासी किसान जगदेव भोयर ने बताया कि कृषक उन्नति योजना से वह उन्नति की ओर अग्रसर हुए यह योजना उनके आर्थिक उन्नति का द्वार खोल दिया जगदेव भोयर ने बताया कि उनके पास 12 एकड़ खेत है। पिछले वर्ष 2 लाख 10 हजार रूपए की धान बेची और अंतर की राशि 50 से अधिक रूपए उनको कृषक उन्नति योजना के रूप में मिला जिससे 5 एकड़ खेत में भूमि सुधार कराया।

### पोस्टमार्टम के लिए 5 हजार लेने की मिली थी शिकायत

# राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका ने छिंदगढ़ अस्पताल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदगढ़



सुकमा जिले के छिंदगढ़ ब्लाक के अंतर्गत गांव कनकापाल में एक महिला की मृत्यु होने के बाद उसके पोस्टमार्टम के लिए उसे छिंदगढ़ स्वास्थ केंद्र में शुक्रवार को दोपहर लगभग 12 बजे लाया गया,जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा उनसे पैसे मांगे जाने पर मृत आदिवासी महिला के गरीब परिजनों के पास इतनी राशि नहीं होने पर उन्होंने इसकी शिकायत राज्य महिला आयोग सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी से की बात। जिसकी जानकारी मिलते ही दीपिका ने डॉक्टर से बात कर बिना कोई शुल्क लिए पोस्टमार्टम करने की बात कही इसके पश्चात अस्पताल प्रबंधन के द्वारा शाम को पोस्टमार्टम किया गया।

वही जब इस बात की जानकारी मिलने पर महिला आयोग सदस्य ने जानकारी एकत्रित करना प्रारंभ किया। तो पता चला कि छिंदगढ़ अस्पताल में यह पोस्टमार्टम करने के बाद पैसा लेने वाला काम वर्षों से चला आ रहा हैं। हमेशा प्यून को देने के नाम से मृतक के घर वालों से पैसे लिया करते है। दीपिका ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल प्यून की मांग के लिए आवेदन जिला स्वास्थ अधिकारी को देने की बात कही। वही निरीक्षण में आने के बाद खंड चिकित्सा अधिकारी से सम्पर्क करने के बाद भी वो निजी कार्यों का हवाला देते हुए उपस्थित नहीं हुए जिस पर राज्य महिला आयोग सदस्य दीपिका ने नाराजगी जाहिर की और कहा ग्रामीण अंचल में जंहा ग्रामीणों के दुःख के समय उनके परिजनों से पैसे लिए जा रहे है ऐसे समय में बीएमओ से उसकी जानकारी लेने का प्रयास किया गया। ऐसे बड़े मुद्दे को भी हल्के में लेना बीएमओ की बड़ी लापरवाही है।

अगर उनकी जानकारी में ये सब हो रहा है तो निश्चित ही यह गलत हो रहा है। इस बात को लेकर मैं कलेक्टर से चर्चा करूंगी और दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की मांग करूंगी।

### मरीजों एवं उनके परिजनों से की बात

दीपिका ने अस्पताल निरीक्षण के वक्त अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से भी बात की व उनकी समस्या एवं अस्पताल प्रबंधन के आचार व्यवहार के संबंध में पूछताछ की। निरीक्षण के उपरान्त दीपिका ने कहा की अस्पताल में साफ-सफाई अच्छी है मरीजों का भोजन भी सही है परन्तु पोस्टमार्टम में हों रही पैसों की मांग सबसे गलत है व आज जब मैं यहाँ आई हूं व बीएमओ को इसकी जानकारी है वो छिंदगढ़ में उपस्थित है इसके बाद भी उनकी अनुपस्थिति उनके कार्य के प्रति लापरवाही को दर्शाता है, मैं निश्चित तौर पर इसकी शिकायत करूंगी जिससे आगे हमारे आदिवासी जनता का शोषण न हों पाए।00

## जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया कैंप का भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पीएमश्री स्कूल योजना के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों को शैक्षिक पर्यटन का लाभ दिया जाता है। इसी कड़ी में भवेश चौधरी कमांडेंट 188 बटालियन के निर्देशन में सीआरपीएफ कैंप पुसपाल घाट बस्तर का जवाहर नवोदय विद्यालय जगदलपुर के विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण करवाया गया। तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के तहत 240 विद्यार्थियों को सीआरपीएफ एवं फोर्स को करीब से जानने का मौका मिला साथ ही, उन्हें सीआरपीएफ की कार्य प्रणाली तथा नक्सल उन्मूलन के बारे में सीआरपीएफ की भूमिका बताई गई। इस अवसर पर भवेश चौधरी कमांडेंट 188 बटालियन ने विद्यार्थियों को अपना भविष्य संवारने के लिए कैरियर संबंधी सुझाव भी दिए। साथ ही सीआरपीएफ के महत्व एवं ड्यूटी के बारे में अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व समझाया तथा विद्यार्थियों की जिज्ञासा शांत करते हुए उनके प्रश्नों का जवाब दिया। विद्यार्थी सीआरपीएफ कैंप का भ्रमण करके, गर्व महसूस कर रहे थे, तथा जोश, जुनून और देश-प्रेम की भावना से ओत-प्रोत नजर आए। विद्यार्थियों ने जवानों द्वारा इतनी कठिन परिस्थितियों में की जा रही ड्यूटी तथा मातृभूमि के लिए उनके समर्पण को सराहा तथा बताया कि कैम्प में आकार प्रेरणा मिली है। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक गण, ओम प्रकाश बिश्नोई सहा. कमांडेंट . बन्नाराम सहा. कमांडेंट तथा सीआरपीएफ के अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

## दरभा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम कोडरी छापर के हर घर में हो रही पेयजल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए जल जीवन मिशन एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसके क्रियान्वयन से ग्रामीण के मन व शरीर को सुकून मिलने के साथ ही उनके जीवन में बदलाव आया है। वहीं स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के जरिए ग्रामीणों का स्वास्थ्य भी बेहतर हो रहा है।

■ ग्रामीणों ने जताया हर्ष और सरकार को दिया धन्यवाद

इसी क्रम में जल जीवन मिशन के द्वारा जिले के दरभा विकासखण्ड अंतर्गत दूरस्थ ग्राम कोडरी छापर के हर घर में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित होने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है और ग्रामीणों ने इस सौगात के लिए सरकार को धन्यवाद दिया है। जल जीवन मिशन के तहत विकासखण्ड दरभा के ग्राम कोडरीछापर के 69 परिवारों को नियमित तौर पर जलापूर्ति हो रही है। करीब 320 आबादी वाले इस ग्राम में 9 मीटर 10 किलोलीटर के 3 सोलर सिस्टम टंकी लगाकर 2012 मीटर पाईपलाइन के माध्यम से 69 घरों में पानी पहुंचाया जा रहा है। गांव के सरपंच देवराम मरकाम बताते हैं कि पहले गांव में पानी की बड़ी तकलीफ थी विशेष कर बारिश के मौसम में मार्ग किचड़ से भरा होता था और उसमें महिलाओं को पानी से भरा गुंडी लेकर पार करना बहुत कठिन होता था। कई बार पैर फिसलने के कारण गिर जाते थे। अब गांव में सभी के घरों में नल लग चुका है और हर दिन नियमित रूप से पानी की आपूर्ति हो रही है। किसी को पानी लेने बाहर नहीं जाना पड़ता गांव के सभी लोग बहुत खुश हैं। सरपंच ने ग्राम सभा में हर घर जल उपलब्धता प्रमाण पत्र देने के दौरान ग्रामीणों को पेयजल प्रबंधन के बारे में भी अवगत कराया और जल जीवन मिशन से लाभान्वित करने के लिए सरकार को धन्यवाद दिया। वहीं ग्रामीण महिला मंगती बाई ने स्थानीय हल्बी बोली में कहा कि घर-परिवार के कामकाज के साथ हैंडपंप से पानी भरकर लाना कष्टप्रद था।



## मानव चलित बुवाई यंत्र ने किसानों को किया आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जिला प्रशासन दन्तेवाडा द्वारा आयोजित दो दिवसीय 6-7 दिसंबर जैविक दन्तेवाडा कॉन्क्लेव 2024 आयोजित हुआ। जिसमें विभिन्न राज्यों से जैविक खेती करने वाले प्रगतिशील किसान, विशेषक्ष, हितधारक एवं व्यापारी सहित अन्य लोग आये थे।

इस कॉन्क्लेव में कृषि विज्ञान केन्द्र गीदम दन्तेवाडा ने भी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. प्रवीण कुमार निषाद के मार्गदर्शन में आधुनिक कृषि तकनीकी का प्रदर्शनी लगाया। जहां केवीके के मार्गदर्शन में महिला स्व-सहायता लसमूह द्वारा प्रसंस्कृत सुगंधित चावल, रागी माल्ट, तिखुर, हर्बल गुलाल सहित अन्य छोटे छोटे कृषि उपकरण जैसे गार्डन टूल, पैडी ड्रम सिडर, मूंगफली छिलाई यंत्र को प्रदर्शित किया। इस पूरे कॉन्क्लेव में केवीके द्वारा प्रदर्शित छोटे उन्नत कृषि यंत्र हैंड पुस सीडर जिले के किसानों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा।




इस मानव चलित बुवाई यंत्र की सहायता से सभी अनाज वाली फसलों, दलहनी व तिलहनी फसलें जैसे ज्वार, बाजरा, मक्का, सेम, उड़द, मूंग, मूंगफली, कपास, सूरजमुखी आदि बीजों की बुवाई की जा सकती है। यह यंत्र एक ऑपरेशन में बीज बुवाई के साथ ही खाद देने का कार्य पूरी कर सकती है और बीज के बीच एक समान दूरी बनाए रख सकती है, जो बीज को तेजी से और स्वस्थ अंकुरित करने में मदद करती है। वनज में बहुत हल्का और संचालित करने में आसान है।

इस यंत्र की कीमत मात्र 6000 से 8000 रु. है, जिसे छोटे किसान भी आसानी से खरीद सकते हैं।

## पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण तंत्र को किया जा रहा सशक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा जिले के ग्राम पंचायत दुगोली, तोयनार, बेदरे, गुदमा, केसाईगुड़ा, दुधेडा. बोरजे के स्कूल एवं पंचायत स्तर पर बच्चों एवं महिलाओं के अधिकार हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण समिति, स्कूल महिला स्व सहायता समूह एवं स्कूल के बच्चों एवं महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसाओं की जानकारी दिया जा रहा है। इस अभियान में बीजादूतीर स्वयं सेवक द्वारा भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी दिया जा रहा है, कि ऐसा विवाह जिसमें वर 21 वर्ष से कम और वधु 18 वर्ष से कम अवस्यक हो तो उसे बाल विवाह माना जायेगा।

बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है। जिसके कारण सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक हो सकते है। इन कारणों पर विचार विमर्श करके इस समस्या को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है और एक साकारात्मक वार्तावरण तैयार करना आवश्यक है बच्चों से होने वाले दुर्यव्यहार बालश्रम, सड़क पर रहने वाले बच्चे को लैगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, बाल संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम हेतु सजग रहने की जानकारी एवं बच्चों को नशे से दूर रखने की समझाईस दी जा रही है।

## प्रशिक्षित महिलाएं आर्थिक गतिविधियों के लिए तैयार



**बीजापुर।** जिले की महिलाओं को आर्थिक रुप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से उद्यमिता प्रशिक्षण हेतु जिला प्रशासन द्वारा पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय अंजोरा भेजा गया था। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बीजापुर जिले के 35 पशु सखी एवं किसानों को मुर्गी पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का 6 दिसंबर को मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह, विशिष्ट अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी छग पशुधन विकास अभिकरण, विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता डॉ. संजय शाक्य, केवीके के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. वीएन खूने, प्रशिक्षण आयोजक डॉ. रामचंद्र रामटेके, सहा. प्राध्यापक डॉ. रजनी फ्लोरा कुजूर, डॉ. सुभाष वर्मा, डॉ. आशुतोष, डॉ. शिवेश, डॉ. ओपी दिनानी, डॉ. प्रीति सिंह एवं प्राध्यापकगणों के उपस्थिति में पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा में सम्पन्न हुआ। इसमें प्रदेश के बीजापुर जिले से आए 35 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जागृति कृष्णन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सब्बीर अनंत के द्वारा किया गया।

## महिलाओं ने जाना उनका अधिकार और कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर मयंक चतुवेर्दी के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण नागेश के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में दंतेवाड़ा जिले में 16 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में विगत दिवस को शासकीय दन्तेश्वरी महाविद्यालय दंतेवाड़ा में लिंग आधारित हिंसा समाप्ति हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिसमें संरक्षण अधिकारी मनीषा ठाकुर द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 की जानकारी देते हुए बताया गया। कि कोई भी कामकाजी महिला चाहे वह शासकीय, अर्ध शासकीय, निजी क्षेत्र का संगठन, शैक्षिक, मनोरंजन, स्वास्थ्य सेवायें, वित्तीय क्रियाकलाप कर रहा हो या दैनिक मजदूरी, घरेलू कर्मकार ये सभी महिलाएं इसके अंतर्गत आती है, यदि इनके साथ अपने कार्य के दौरान उनके उच्चाधिकारी या सहकर्मी द्वारा कोई लैंगिक कृत्य किया जाता है या ऐसे कृत्य की मांग की जाती है तब वह महिला आंतरिक शिकायत समिति या स्थानीय शिकायत समिति में शिकायत कर सकती है। या सी बाक्स पोर्टल के माध्यम भी शिकायत कर सकती है।




## लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस से 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस तक 16 दिवसीय सक्रियता अभियान के रूप में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने हेतु जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है।




इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों एवं उनके हितों के प्रति जागरूकता बढाने हेतु गतिविधियॉ जिले में आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत स्कूल, आश्रम पोर्टाकेबिन एवं आंगनबाड़ी व पंचायत स्तर पर छात्र-छात्राओं व स्वसहायता समूहो के महिलाओं व किशोरी बालिकाओं का महत्वपूर्ण मुद्दे जैसे बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम, सोशल मडिया पर पोस्ट इंफ्रोग्राफिक्स के माध्यम घरेलू हिंसा, बाल विवाह रोकथाम अधिनियम बाल संरक्षण तंत्र की जानकारी मिशन शक्ति के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न योजनाएं एवं सेवाओं वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन के प्रति जागरूकता, महिला उत्पीडन, इलेक्ट्रीक शिकायत पोर्टल के बारे में जागरूकता बढ़ाना, आपातकीन सेवाओं जैसे महिला हेल्पलाईन 181, चाईल्ड हेल्पलाइन 1090 के बारे में जागरूकता के साथ-साथ बाल सड़क पर रहने वाले बच्चे, अपशिष्ट सग्रांहक, बाल भिक्षावृति से लिप्त बच्चे, बालश्रम में लिप्त बच्चों का चिन्हांकन एवं बेटी बचाओ बेटी पढाओं अभियान पर सघन अभियान चलाया जा रहा है।

इस दौरान लोगों को लैगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, बाल संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम हेतु सजग रहने की जानकारी एवं बच्चों को नशे से दूर रखने की समझाईस दी जा रही है। 16 दिवस का अभियान चलाया जा रहा है। प्रचार-प्रसार राहुल कुमार कौशिक जिला बाल संरक्षण अधिकारी, शीला भारद्वाज जिला महिला संरक्षण अधिकारी, आनंदमई मल्लिक विधिक सह परीविक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक सूची शुक्ला, पुष्पा बंजारे एवं संदीप चिडेम, राजकुमार निषाद सामाजिक कार्यकर्ता, राजेश मडे आउटरीच वर्कर द्वारा जानकारी दी गई है।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी
जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट | कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) | स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
HEARING AIDS AVAILABLE
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा कर रणनीति तय

जगदलपुर। अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से ही छत्तीसगढ़ राज्य में भी सबसे बड़ा कर्मचारी संगठन छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का बस्तर संभागीय सम्मेलन 15 दिसंबर 2024 को जगदलपुर में होने जा रहा है।



बैठक के मुख्य अतिथि संघ के प्रदेश अध्यक्ष जीआर चंद्रा, अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि संघ के प्रमुख संरक्षक पी आर यादव, फेडरेशन के बस्तर संभाग प्रभारी कैलाश चौहान तथा जिला संयोजक आर डी तिवारी होंगे। नगरीय निकाय तथा पंचायत आम चुनाव 2025 के पूर्व बस्तर संभाग में कर्मचारियों की इस बड़ी बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें कर्मचारियों की लंबित ज्वलंत समस्याओं पर विचार विमर्श कर आगामी रणनीति तय की जाएगी। प्रदेश के कर्मचारियों का लंबित महंगाई भत्ता की एरियर्स राशि, चार स्तरीय पदोन्नति वेतनमान, अवकाश नगदीकरण को 240 दिनों के स्थान पर 300 दिन करने आदि कर्मचारियों की ज्वलंत मुद्दे वर्षों से आज भी लंबित है।

### वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय में मनाया गया भारतीय भाषा महोत्सव

# हमारी भाषा अलग-अलग पर हम सब भारतीय : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय भाषा दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय, कंगोली में विद्या भारती के मार्गदर्शन में भाषा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान देश के

- कार्यक्रम में भाषाई संस्कृति के संगम की बही गंगा

विभिन्न भारतीय भाषा संस्कृति के 34 मनोरम कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मिनी भारत जैसी विविधता और अपनी सांस्कृतिक जागरूकता के लिए जाने जाने वाले इस शहर के दर्शकों ने कार्यक्रम को सराहा।

मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप ने कहा कि हमसब मां भारती के लिए जीते हैं। आजादी के बाद राजभाषा के रूप में हिंदी को स्वीकार किया गया। हमारा देश अपनी समृद्ध भाषा विविधता के कारण विश्वगुरु कहलाता है। उन्होने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिंदी भाषा में देश-दुनिया में बोलते हैं तो गर्व का अनुभव होता है। हमें अपनी भाषा और संस्कृति की रक्षा करना है। हमारे देश में कई अलग-अलग









भाषाएं हैं पर हम सब भारतीय हैं। यहाँ सारी भाषाओं का सम्मान है।

प्रमुख वक्ता विद्या भारती के संगठन मंत्री डॉ. देवनारायण साहू ने कहा कि युवाओं को अपनी मातृभाषा के अतिरिक्त कोई एक और भारतीय भाषा सीखनी चाहिए। जो स्थान उत्तर भारतीय समाज में महर्षि वाल्मीकि का है वही स्थान दक्षिण भारत में तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती का है। जिस प्रकार बंकिम चंद्र चटर्जी ने वंदे मातरम् जैसे गीत लिखकर समाज को जागृत किया था। उसी प्रकार सुब्रमण्यम भारती ने अपनी क्षेत्रीय भाषा के कविता के माध्यम से लोगों को देशभक्ति के लिए जागरूक किया था। वे देश के सभी भाषा के सम्मान और एकता के हिमायती थे। ज्ञात हो कि तमिल महाकवि चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती की जयंती के उपलक्ष्य में इस बार भी 4 से 11 दिसंबर के बीच देशभर में भारतीय भाषा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष के भारतीय भाषा उत्सव का थीम सभी भाषाओं के माध्यम से एक साथ रखा गया है।

विचार संबोधन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूरे भारत की भाषाई संस्कृति को एक कड़ी के रूप में प्रस्तुत किया गया। छत्तीसगढ़ी के अतिरिक्त संस्कृत, कन्नड़, मलयालम, मराठी, बांग्ला, पंजाबी, तेलुगू, उड़िया, राजस्थानी, अवधी, संबलपुरी, असमी, बिहारी, जैसे कई भाषाओं के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। पंजाबी, सिंधी जैसी भाषाओं के लोगों ने अपनी भाषा की विशेषता और अतीत का वर्णन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वेदमाता गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष कुंवर राजबहादुर सिंह राणा ने की। कार्यक्रम में डॉ. विनोद कुमार सोनी, डॉ. सजीवन कुमार, डॉ. केपी सिंह, डॉ. गणेश प्रसाद नाग, डॉ. प्रतीक लागू, भरत कुमार गंगादित्य, एम.बी.तिवारी एवं संस्था के महाविद्यालय एवं विद्यालय परिवार के समस्त सदस्य सहित अन्य उपस्थित थे। मंच संचालन कामना वर्मा ने किया।

#### उत्कृष्ट कार्य के लिए हुआ सम्मान

इस अवसर पर चिकित्सा सेवा के लिए प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. खिलेश्वर सिंह, पत्रकारिता के लिए हरिभूमि के ब्यूरो चीफ सुरेश रावल, डॉ. मोहन सोलंकी, विजय लक्ष्मी दानी, पत्रकार कमलेश बघेल तथा मुक्ता रॉय को उनके उल्लेखनीय सामाजिक कायोरें के लिए सम्मानित किया गया।

# अमृत सरोवर बना कमाई का जरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड

विकासखंड बकावंड के ग्राम पंचायत कोहकापाल में अमृत सरोवर योजना कमाई का जरिया बन गया है। सरपंच, सचिव और अफसरों की मिलीभगत से लाखों रुपये आहरित कर लिए गए हैं।

मिली जानकारी के मुताबित ग्राम पंचायत कोहकापाल में अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब

- ग्राम पंचायत कोहकापाल के काम में गड़बड़ी का आरोप



सौंदर्यीकरण के लिए 15वें वित्त आयोग मद से 7 लाख 75 हजार, 231 रुपए स्वीकृत किए गए थे। उसमें से 6 लाख 19 हजार रुपये तालाब सौंदर्यीकरण पर खर्च होना दशार्या गया है, जबकि सरोवर के नाम पर एक छोटा सा डबरे जैसा गड्ढा खुदवा दिया गया और वहां निर्माण कार्य संबंधी सूचना फलक लगा दिया गया है। इस कार्य के एवज में सीमांचल नामक व्यक्ति को 1 लाख 55 हजार रुपये और 1 लाख 54 हजार रुपये का भुगतान करने का उल्लेख करते हुए राशि निकाली गई है। अमृत सरोवर योजना की आड़ में सरकारी राशि की गड़बड़ी का आरोप लगा है।

#### ढह गई लाखों की नाली

बताया गया है कि 3 अगस्त 2023 को कोहकापाल में अंबेडकर चौक से शोभा होटल तक सीमेंट कांक्रिट नाली निर्माण के लिए विधायक निधि से 4 लाख 70 हजार रुपये स्वीकृत हुए थे। पौने पांच लाख की यह नाली 15 महीने भी नहीं टिक पाई और धराशायी हो गई। नाली, सीसी रोड निर्माण, 15वें वित्त आयोग मद से नाली की साफ सफाई, सड़क मरम्मत, तालाब की साफ सफाई के नाम से राशि आहरण किया गया है।

**कराएंगे जांच**

मामला गंभीर है, जांच कराएंगे और सरपंच एवं सचिव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-एसएस मंडावी,
सीईओ, जनपद पंचायत बकावंड

# सपने को चकनाचूर कर महापौर मना रही दलपत सागर दीपोत्सव : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने दलपत सागर दीपक उत्सव को लेकर मीडिया को जारी किए गए बयान में महापौर सफीरा साहू पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा है दलपत सागर के कायाकल्प का सपना तत्कालीन

- साहस हो तो दलपत सागर में डुबकी लगा कर दिखाएं श्रद्धा



कांग्रेस सरकार ने देखा था,जिसका परिणाम ही है,आज वर्तमान का जो दलपत सागर शहर वासियों के लिए किसी गौरव से कम नहीं।


दलपत सागर के प्रति आमजन की श्रद्धा को बढ़ाने तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने ही दलपत दीपोत्सव का आयोजन आरंभ कराया था,परंतु विगत एक वर्ष से जब से प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की विष्णु देव साय वाली सरकार बनी और महापौर सफीरा साहू ने कांग्रेस के साथ विश्वास घात कर नगर की कांग्रेस सरकार की पीठ पर छुरा घोप कर दलपत सागर के कायाकल्प के सपने को भी चकनाचूर कर गयीं,तब से आज पर्यंत तक दलपत सागर के कायाकल्प के लिए एक नयी ईट तक नहीं रखी हैं,जिसका परिणाम स्वरूप आज दलपत सागर की पुनः से वही स्थिति निर्मित हो गई जो विगत 15 वर्ष भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बन चुकी थी,पिछले एक वर्ष में एक नई ईट भी दलपत सागर में नहीं रखने वाली महापौर अपने ऊपर लग रहे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से जनता का ध्यान भटकाने दलपत सागर दीपोत्सव का ढोंग रच रही हैं जो कि अति निंदनीय है।

# शबरी नदी पर बहुप्रतीक्षित मोटू पुल का निर्माण पूरा पर पहुंच मार्ग अधर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग अंतर्गत सुकमा जिले के शबरी नदी पर कोंटा के पास मोटू मार्ग में बहुप्रतीक्षित पुल निर्माण कार्य एक वर्ष पूर्व ही किया गया पर ओडिशा रोड में पुल का पहुंच मार्ग अब तक अधर में है। इसके चलते पुल में आवागमन

- सीमावर्ती राज्य ओडिशा सरकार ने पहुंच मार्ग पर लगाया था अड़ंगा



अलग-खबर

नहीं हो सका, इस पुल में आवागमन शुरू करने का सीमावर्ती 3 राज्य के छत्तीसगढ़, ओडिशा एवं आंध्रप्रदेश के लोग इंतजार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि पुल में कोंटा की ओर से पहुंच मार्ग का निर्माण पूरा हो चुका पर सीमावर्ती राज्य ओडिशा सरकार ने पहुंच मार्ग पर मुआवजा का अडंग़ा लगाने से पुल का ओडिशा रोड जाने का पहुंच मार्ग नहीं हो सका।

बताया जा रहा है कि यह पुल 20.97 करोड़ रूपए की लागत से 23 मीटर चौड़ा, 552 मीटर लंबा है। साथ ही जून 2015 में पुल का निर्माण कार्य शुरू किया, जो नवंबर 2023 में पूर्ण होने की संभावना था, पुल का निर्माण कार्य हो चुका पर ओडिशा रोड में पहुंच मार्ग नहीं हो सका।

बताया जा रहा है कि बीजापुर जिले के चिंताबागु नदी में पामेड़ से धरमावरम पुल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका अब इसका पहुंच मार्ग किया जा रहा है। फरवरी माह में इस पुल पर आवागमन शुरू होने की संभावना है। इस पुल के दोनों ओर सुरक्षा बल के कैं प तैनात किया गया है।

#### शीघ्र होगा पहुंच मार्ग

लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण जगदलपुर संभाग की कार्यपालन अभियंता श्रीमती प्रज्ञा नंद ने बताया कि ओडिशा रोड में मोटू पुल का पहुंच मार्ग शीघ्र किया जाएगा।

# मूर्ति गढ़ने के साथ ही खड़ा कर दिया शिवालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पाषाण शिल्पी के नाम से चर्चित बस्तर के भारत गुरुजी शिव के ऐसे अनन्य भक्त हैं जिन्होंने शिव, पार्वती, नंदी, गणेश और नागराज की सुंदर प्रतिमाएं तो बनाई हैं वहीं अपने हाथों से करीब 30 फीट ऊंचा शिवालय भी बना लिया है। यह मंदिर नगर निगम क्षेत्र के अंबेडकर वार्ड में मौजूद है। अंबेडकर वार्ड निवासी भारत सिंह ओझा शिक्षक थे और वे वर्ष 2008 में रिटायर हो चुके हैं।

वे बहुत अच्छे पाषाण शिल्पी हैं। उनके द्वारा बनाई गई देवी-देवताओं की विभिन्न मूर्तियां बेड़ागांव, देवड़ा, सोनारपाल, मांदला, बकावंड, करपावंड आदि गांव के मंदिरों में स्थापित की गई है। इनके ही द्वारा तैयार की गई गरुड़ देव की आकर्षक प्रतिमा भगवान जगन्नाथ मंदिर के स्तंभ में भी स्थापित है।





अलग-खबर

#### बाड़ी में बनाया मंदिर

शिवभक्त भारत गुरुजी ने अपने घर पर ही घाटलोहंगा से गुलाबी पत्थर लाकर शिवजी, पार्वती माता, गणेशजी, नंदीराज और नागराज की प्रतिमा गढ़ी है, वहीं चित्रकोट से पिंडी लाकर तथा नवरंगपुर से बड़ी जलहरी बनवाये हैं। सारी मूर्तियां तैयार करने के बाद उन्होंने अपने बाड़ी में ही लगभग 30 फीट ऊंचा एक शिवालय तैयार किया है। जहां उपरोक्त सभी मूर्तियों को स्थापित किया गया है। इस कार्य में उनकी धर्मपत्नी स्व. रामबती और चारों बेटियों का पूरा सहयोग मिला। इस मंदिर में प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि, कार्तिक पूर्णिमा, मकर संक्रांति के अलावा प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।

# बड़ांजी में हुआ स्वास्थ्य शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

उप मुख्यमंत्री द्वारा ब्लॉक लोहंडीगुड़ा के बड़ांजी में प्रवास में होने पर रविवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं नोडल अधिकारी डॉ. वीरेंद्र ठाकुर ने शिविर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलर का निरीक्षण किया। पीएचसी के ओपीडी और स्टोर का निरीक्षण कर दवाइयों की एक्सपायरी डेट की जांच सीएमएचओ द्वारा की गई। पीएचसी में शासन द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति के बारे में भी वहां के मौजूद चिकित्सकों से जानकारी ली गई। इस अवसर पर प्रभारी विवेक मूर्ति के साथ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रितेश सिंह शामिल रहे।

# ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों का किया जा रहा डामरीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



लोक निर्माण विभाग की ओर से संभागीय, जिला मुख्यालय सहित ग्रामीणों की सुविधा के लिए सड़कों का डामरीकरण किया जा रहा है। वर्षा के दौरान ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों को गड्ढा मुक्त रखें। साथ ही सड़कों का निरीक्षण करें एवं सड़क संधारण के संबंध में सामग्री, मशीनरी, मेनपॉवर एवं लेबर की व्यवस्था के संबंध में किसी भी प्रकार की स्वीकृति पर ध्यान दें। पीडब्ल्यूडी जगदलपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता ने सातों जिलों के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ को हॉल ही में कही। मुख्य अभियंता ने शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के सड़कों, पुल, पुलिया एवं भवन निर्माण कार्य की समीक्षा ली। इसमें उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान कुछ स्थानों पर सड़कों को क्षति हुई एवं आगामी दिनों में भी कुछ स्थानों पर वर्षा होने के कारण सड़कों को क्षति संभावित है। क्षतिग्रस्त सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर संधारण कर गड्ढा मुक्त करें। क्षेत्र के संबंधित उप अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी, कार्यपालन अभियंता आने वाली सड़कों का निरीक्षण करें। सड़क गड्ढायुक्त अथवा क्षतिग्रस्त पाए जाने पर शीघ्र ही सुधार कार्य किया जाए।

#### अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

लोक निर्माण विभाग के जगदलपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने इस संबंध में कहा कि गड्ढायुक्त, क्षतिग्रस्त सड़कों की जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# विहिप-बजरंग दल के तत्वाधान में माड़पाल में बॉलीवाल स्पर्धा का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले में विहिप बजरंग दल लगातार खेल क्षेत्र में निरंतर प्रतियोगिता आयोजित कर रही है। विहिप ने कलचा में क्रिकेट सांसद कप, मोरठपाल में स्व. मोहन लाल नाग बजरंगी की स्मृति में करने के बाद माड़पाल में वालीवाल का आयोजन रखा है, जिसमें कुल 16 टीम भाग लेंगे।

विहिप जिलाध्यक्ष ने बताया कि खेल की शुरुआत सनातन रीति नीति से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया तत्पश्चात खिलाड़ियों से मिल उनका मनोबल बढ़ाया। हरि साहू ने बताया कि खेल का




आयोजन युवाओं में खेल के प्रति रुचि लाकर, ग्रामों से खिलाड़ी तैयार कर खेल क्षेत्र में जिला राज्य और देश का प्रतिनिधित्व कर सके ऐसी योजना पर कार्य किया जा रहा है। जिससे हमारे बस्तर की छवि जो अवैध मतांतरण के ठेकेदार व नक्सलियों ने धूमिल कर रखी है वह वैश्विक रूप से बेहतर बनेगी।

इस दौरान सरपंच माड़पाल वंदना नाग, महादेव बघेल गरावण्ड खुर्द सरपंच, कैलाश ठाकुर विहिप नगरनार प्रखंड अध्यक्ष, धनपती बाज प्रखंड उपाध्यक्ष, जयराम नाग पूर्व सरपंच, मुरली मनोहर दास, महेश मानिकपूरी, महेश्वर, बलिराम दास, भानू पटेल, नंदो नाग, राजेन्द नाग, बहादुर साहनी, सीबो नाग, पदमनाथ कश्यप, पाकलु कश्यप, विकास सिदार, गंगाराम पूजारी, रमेश पात्रों, रघुनाथ सेठिया, जगन्नाथ नाग, उदय पूजारी, अजय, विनोद, तानसिंग, धीरज, गोपी, राजू, संदीप, रोहित, करण, देवेन्द्र, सम्पत, संजोग, विशाल, संजू, कुणाल, शानू और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**पाठक सूचना**

सुकमा एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें

ब्यूरोचीफ : जयदीप सिंह भदौरिया, सुकमा जिला

दीप न्यूज एजेंसी
पता : मो. अनवर पटनमपारा सुकमा
मो. 9149027841

**One Way Taxi**

अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।



CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511